# अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2023-24 PDV

समय : 3:15 घण्टा )    कक्षा : 12    ( पूर्णांक : 100

## विषय : सामान्य हिन्दी

---

नोट- सभी प्रश्न करना है।

1. (क) 'स्मृति की रेखाएँ' कृति हैं - 1
   (अ) जैनेन्द्र कुमार की (ब) मोहन राकेश
   (स) महादेवी वर्मा (द) रायकृष्ण दास की
   (ख) 'नासिकेतोपाख्यान' के रचयिता हैं - 1
   (अ) इंशा अल्ला खाँ (ब) सदल मिश्र
   (स) प्रताप नारायण मिश्र (द) काशीनाथ खत्री
   (ग) 'गोदान' रचना किस विधा की है? 1
   (अ) कहानी (ब) उपन्यास (स) नाटक (द) निबन्ध
   (घ) नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना हुई - 1
   (अ) द्विवेदी युग में (ब) भारतेन्दु युग में
   (स) छायावाद युग में (द) प्रगतिवाद युग में
   (ङ) 'गुनाहों का देवता' कृति है - 1
   (अ) हजारी प्रासद द्विवेदी की (ब) गुलाब राय की
   (स) धर्मवीर भारती की (द) रघुवीर सहाय की
2. (क) 'प्रिय प्रवास' के रचनाकार हैं - 1
   (अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
   (स) भारतेन्दु 'हरिश्चन्द्र' (द) रामधारी सिंह 'दिनकर'
   (ख) हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है - 1
   (अ) खुमान रासो (ब) साहित्य लहरी (स) पृथ्वीराज रासो (द) साकेत
   (ग) 'साकेत' कृति के रचनाकार हैं - 1
   (अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) महादेवी वर्मा
   (स) अज्ञेय (द) रामधारी सिंह 'दिनकर'
   (घ) निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ आदिकाल का है - 1
   (अ) सूरसागर (ब) पद्मावत (स) बीसलदेव रासो (द) झरना
   (ङ) रीतिबद्ध काव्यधारा के कवि हैं - 1
   (अ) केशवदास (ब) बिहारी लाल (स) घनानन्द (द) बोधा
3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×5

मात-पृथ्वी को प्रणाम है। माता पृथ्वी को प्रणाम है। यह प्रणाम-भाव ही भूमि और जन का दृढ़-बन्धन है। इसी दृढ़भिति पर राष्ट्र का भवन तैयार किया जाता है। इसी दृढ़ चट्टान पर राष्ट्र का चिर जीनन आश्रित रहता है।

PDF Hindustanknowledge.com

इसी मर्यादा को मानकर राष्ट्र के प्रति मनुष्यों के कर्तव्यों और अधिकारों का उदय होता है। जो जन पृथ्वी के साथ माता और पुत्र के संबंध को स्वीकार करता है, उसे ही पृथ्वी के वरदानों में भाग पाने का अधिकार है। माता के प्रति अनुराग और सेवाभाव पुत्र का स्वाभाविक कर्तव्य है।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के माध्यम से लेखक ने क्या बताया है?

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) पृथ्वी के वरदानों पर किसको भाग पाने का अधिकार है?

(घ) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ङ) 'अधिकार' और 'अनुराग' शब्दों में से उपसर्ग छाँटकर लिखिए।

अथवा

ऐसे मौके पर हम अक्सर अपने पुतले को अँकवार में दे देते हैं। 'क' से क्या मैं गले मिला? क्या मुझे समेटकर कलेजे से लगा लिया? हरगिज नहीं। मैंने अपना पुतला ही उसे दिया। पुतला इसलिए उसकी भुजाओं में सौंप दिया कि मुझे मालुम था कि मैं धृतराष्ट्र से मिल रहा हूँ। पिछली रात को एक मित्र ने बताया कि 'क' अपनी ससुराल आया है और 'ग' के साथ बैठकर शाम को दो तीन घण्टे तुम्हारी निन्दा करता रहा। इस सूचना के बाद जब आज सबेरे वह मेरे गले लगा तो मैंने शरीर से अपने मन को चुपचाप खिसका दिया और निःस्नेह, कँटीली देह उसकी बाँहों में छोड़ दी। भावना के अगर काँटे होते, तो उसे मालुम होता कि वह नागफनी को कलेजे से चिपटाए है। छल का धृतराष्ट्र जब आलिंगन करे, तो पुतला ही आगे बढ़ाना चाहिए।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) ईर्ष्या-द्वेष की भावनाओं से युक्त मित्र से कैसे गले मिलना चाहिए?

(ग) लेखक अपने मित्र 'क' से कैसे गले मिला?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) छल एवं देह शब्दों के क्रमशः पर्यायवाची लिखिए।

4. निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×5

लज्जाशीला पथिक महिला, जो कहीं दृष्टि आए।
होने देना विकृत-वसना, तो न तू सुन्दरी को।।
जो थोड़ी भी श्रमित वह हो, गोद ले श्रान्ति खोना।
होंठों की सी कमल-मुख की, म्लानताएँ मिटाना।।
कोई क्लान्ता कृषक-ललना, खेत में जो दिखावे।
धीरे-धीरे परस उसकी, क्लान्तियां को मिटाना।।
जाना कोई जलद यदि हो, व्योम में तो उसे ला।
छाया द्वारा सुखित करना, तप्त भूतांगना को।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ख) नायिका पवन से लज्जाशील महिला के [illegible] कैसा आचरण अपनाने के लिए कहती है?



PDF Hindustanknowledge.com

(ग) नायिका पवन से किस प्रकार कृषक बालिका की सहायता करने के लिए कहती है?

(घ) रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए।

(ङ) 'जलद' और 'व्योम' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए।

अथवा

घिर रहे थे घुँघराले बाल
अंश अवलम्बित मुख के पास,
नील धन-शावक से सुकुमार
सुधा भरने को विधु के पास।
<u>और उस मुखपर वह मुसक्यान</u>
<u>रक्त किसलय पर ले विश्राम,</u>
<u>अरुण की एक किरण अम्लान</u>
<u>अधिक अलसाई हो अभिराम</u>

(क) कवि ने श्रद्धा के बालों की तुलना किससे की है?

(ख) श्रद्धा-की मुस्कान देखकर कवि को क्या आभास होता है?

(ग) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(घ) रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए।

(ङ) 'मुख' एवं 'सुधा' के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों पर प्रकाश डालिये। 3+2

(अ) वासुदेव शरण अग्रवाल (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(स) कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर' (द) हरिशंकर परसाई

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी कृतियों पर प्रकाश डालिये - 3+2

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(स) महादेवी वर्मा (द) मैथिली शरण गुप्त

6. कहानी के तत्वों के आधार पर 'पंचालाइट' कहानी की समीक्षा कीजिए। 5

7. रश्मिरथी खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

## <u>खण्ड 'ख'- 50</u>

8. (क) निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+5

ततः कदाचिद् द्वारपाल आगत्य महाराजं भोजं प्राह- 'देव कौपीनावशेषो विद्वान् द्वारि वर्तते' इति। राजा 'प्रवेशय' इति। ततः प्रविवरः सः कविः

PDF Hindustanknowledge.com

भोजमालोक्य अद्य मे दारिद्र्यनाशो भविष्यति इति मत्वा तुष्टो हर्षाश्रूणि मुमोच।

अथवा

अथैव शकुनिः सर्वेषां मध्याह्नशयग्रहणार्थं त्रिकृत्वः अश्रावयत्। ततः एकः काकः उत्थाय 'तिष्ठ तावत्? अस्य एवस्मिन् राज्याभिषेककाले एवं रूपं मुखं, क्रुद्धस्य च कीदृशं भविष्यति।

(ख) दिए गए पद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ अनुवाद करें - 2+5

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदमं पदम्।
वृणुते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः।।

अथवा

जल बिन्दु - निपातेन क्रमशः पूर्यते घटः।
स हेतुः सर्वविद्यानां धर्मस्य च धनस्य च।।

9. निम्नलिखित मुहावरों लोकोक्तियों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए - 1+1

(क) अपना राग अलापना (ख) आसमान टूट पड़ना।
(ग) रंग उतरना (घ) अंधों में काना सरदार

10. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों का सन्धि विच्छेद करते हुए नाम बताइए - 2+2+2

(क) साक्षर (ख) अखिलेश (ग) शायक (घ) गायिका

11. (क) निम्नलिखित शब्द युग्मों में से किन्हीं दो युग्मों का सही अर्थ लिखिए-
(अ) कुल-कूल (ब) अनिल-अनल (स) तरणि-तरणी 2+2

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक के दो अर्थ लिखिए - 2+2
(अ) ईश्वर (ब) उदधि (स) कर्ण (द) अंक

12. (क) शृंगार रस अथवा हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ख) अनुप्रास अथवा रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ग) चौपाई अथवा सोरठा छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

13. दैनिक हिन्दुस्तान में संवाददाता के पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए। 5

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखें। 9

(क) वसुधैव कुटुम्बकम् (ख) भारत से प्रतिभा पलायन
(ग) राजनीति में महिला आरक्षण

***

PDF Hindustanknowledge.com